बुधवार, 03 अप्रैल 2019

हिन्दुस्तान

न्यूज कॉर्नर

अग्रवाल कॉलेज में सात दिवसीय शिविर शुरू

फरीदाबाद। मंगलवार को जिला रेड क्रॉस सोसायटी फरीदाबाद और सेंट जॉन एंबुलेंस एसोसिएशन की ओर से सात दिवसीय प्रोफेशनल प्राथमिक चिकित्सा एवं ग्रह परिचर्या शिविर का शुभारंभ हुआ। सात अप्रैल तक चलने वाले शिविर का शुभारंभ प्राचार्य केके गुप्ता ने दीप जलाकर किया। पहले दिन व्याख्यान हुआ। सेंट जॉन एंबुलेंस फरीदाबाद के प्रशिक्षक दर्शन भाटिया ने बताया, शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वयं सेवकों को प्राथमिक चिकित्सा सहायता की जानकारी देना है। शिविर का आयोजन डॉ.जयपाल सिंह ने किया।